# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर
## राष्ट्रीय सेवा योजना

email Id :- consdavv@gmail.com

क्रमांक / रासेयो / कार्या. / 2023–24 / 265

दिनांक :– 03 / 10 / 2023

प्रति,

प्राचार्य
गुलाबबाई यादव शिक्षा महाविद्यालय बौरावा
जिला खरगोन

विषय :– सत्र 2023–24 के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की नवीन इकाई बाबद्।
संदर्भ :– राज्य एन.एस.एस. अधिकारी का पत्र कमांक / 818 / 238 / एन.एस.एस. / 23 / 38, भोपाल, दिनांक 26.09.2023।

महोदय,

सत्र 2023–24 के अन्तर्गत रा.से.यो. नियमित गतिविधि के लिए 100 छात्र / छात्राओं के लिए एक पोषित इकाई प्रारंभ की जा रही है। संस्था के शिक्षक जो पाठ्योत्तर गतिविधियों में रूचि रखते हों एवम् विद्यार्थियों को समाज सेवा कार्य के लिए मार्गदर्शन दे सकने में समर्थ हो और निःस्वार्थ भावना से प्रेरित होकर लगन एवम् निष्ठा से समाज सेवा कार्य कर सकते हों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकम अधिकारी (प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना) नियुक्त कर, इस कार्यालय को सूचित करने का कष्ट करें। कीडा अधिकारी / व्यायाम शिक्षक / ग्रन्थपाल एवम् एन.सी.सी. प्रभारी को कार्यकम अधिकारी पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

रा.से.यो. की समस्त जानकारियॉं एवम् प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट (www.daunic.ac.in(nss) पर भी उपलब्ध है। शीघ्र ही आपकी संस्था को नियमित गतिविधियों / विशेष शिविर की गतिविधियों के व्यय हेतु अग्रिम राशि प्रदान की जायेगी।

आप निम्नानुसार प्रारूप में कार्यकम अधिकारी का नियुक्ति पत्र, जीवन वृत्त, छात्र पंजीयन की जानकारी, गोद गॉव की जानकारी तथा संलग्न पी.एफ.एम.एस. (संस्था के बैंक खाते की जानकारी) तत्काल भेजने का कष्ट करें।

जीवन वृत्त जानकारी का प्रारूप –

| क्र. | संस्था की संख्या | ईकाई संख्या | का. अ.का नाम | पुरूष | महिला | जन्म तिथि | पद | योग्यता | अध्यापन विषय | संस्था में नियु. दिनांक. | रासेयो.का. अ.की पद पर नियु.दि. | प्रशिक्षित / अप्रशिक्षित | ट्रेनेड | मोबाईल न. | ई–मेल ईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | |

छात्र पंजीयन जानकारी का प्रारूप –

| क्र. | संस्था की संख्या | ईकाई संख्या | आंवटित छात्र संख्या | सामान्य | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | पिछड़ा वर्ग | | | अल्पसंख्यक | | | महायोग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पु. | म. | कुल | पु. | म. | कुल | पु. | म. | कुल | पु. | म. | कुल | पु. | म. | कुल | पु. | म. | कुल |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

संलग्न :- **NSS Registration From**

भवदीय

(डॉ. प्रकाश गढ़वाल)
कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो,
देवी अहिल्या वि. वि. इन्दौर

प्रतिलिपि :–

(1) आयुक्त, उच्च शिक्षा सतपुड़ा भवन भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
(2) राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, म.प्र शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
(3) अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, इन्दौर सम्भाग, मोती तबेला इन्दौर की ओर सूचनार्थ।
(4) जिला संगठक, रा.से.यो. की ओर सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो,
देवी अहिल्या वि. वि. इन्दौर

# Some Glimpse of NSS Camp







राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
स्व. गुलाबबाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय, बोरावां
एवं
सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, बोरावां
सात दिवसीय संस्था स्तर विशेष शिविर
थीम – 1. मेरा युवा भारत (My Bharat) के लिए युवा/Youth for My Bharat
2. मेरा डिजीटल साक्षरता के लिए युवा/Youth for Digital Literacy
स्थान – ग्राम मुलठान, जिला खरगोन (म.प्र.)
दिनांक – 17 जनवरी 2025 से 23 जनवरी 2025 तक
REDMI NOTE 13 5G | ANNU
17/01/2025 16:40


राष्ट्रीय सेवा योजना
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
स्व. गुलाबबाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय, बोरावां
एवं
सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, बोरावां
सात दिवसीय संस्था स्तर विशेष शिविर
थीम – 1. मेरा युवा भारत (My Bharat) के लिए युवा/Youth for My Bharat
2. मेरा डिजीटल साक्षरता के लिए युवा/Youth for Digital Literacy
स्थान – ग्राम मुलठान, जिला खरगोन (म.प्र.)
दिनांक – 17 जनवरी 2025 से 23 जनवरी 2025 तक
REDMI NOTE 13 5G | ANNU
17/01/2025 16:40


GPS Map Camera
Multhan, Madhya Pradesh, India
2pcw+gvj, Multhan, Madhya Pradesh 451335, India
Lat 22.021298° Long 75.74713°
19/01/25 06:17 AM GMT +05:30
Google


S.Y.M.D. COLLEGE-BORAWAN
राष्ट्रीय सेवा योजना
हार्दिक अभिनंदन
राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वच्छता ही सेवा 2024


राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना
स्वच्छता
ही सेवा 2024
17 सितम्बर – 2 अक्टूबर 2024
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय
बोरावां, जिला – खरगोन (मध्यप्रदेश)

# योग-शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है-यादव

- **लोकतंत्र उदघोष-खरगोन**

स्व. गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय एवं सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय बोरावां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय संस्था स्तरीय सयुंक्त विशेष शिविर दिनाकं 17 जनवरी से 23 जनवरी तक थीम मेरा युवा भारत व मेरा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा पर ग्राम पंचायत मुलठान मे निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस के योग सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार, योग प्राणायाम आदि का अभ्यास किया एवं नियमित इस दिनचर्या को अपनाने का संकल्प लिया। पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं संस्था के चेयरमैन अरुण यादव ने कहा योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है. योग से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है, और शरीर में जमा विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं. योग से तनाव और चिंता कम होती है और मन में शांति आती है. योग से शरीर और मन को शांत करने में मदद मिलती है।





शिविर के चतुर्थ दिवस बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय कसरावद डॉ. दयाराम राजपूत ने कहा योग शिक्षा व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है । योगाभ्यास से हृदय, फेफड़े तथा मस्तिष्क सम्बन्धित रोग दूर हो जाते हैं । नियमित योग करने वाले व्यक्ति को तनाव से मुक्ति मिलती है मन में स्थिरता, शांति और प्रसन्नता साथ ही रोग प्रतिरोधक का क्षमता का स्तर बडता है साथ ही डिजिटल इंडिया पर प्रकाश डालते हुए कहा , मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए सार्वभौमिक पहुंच, सभी के लिए सूचना, सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम, ई-गवर्नेंस: प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार में सुधार, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ई-क्रांति - सेवाओं की इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी, नौकरियों के लिए आईटी, अर्ली हार्वेस्ट कार्यक्रम, आदि की भारत के विकास में महत्ति भूमिका है। आकाशवाणी कलाकार श्री तोताराम अमोदे ने निमाड़ी गीतों के माध्यम से निमाड़ की सांस्कृतिक धरोहर से बच्चों को अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो सावन धनगर प्रो. दिनेश मुजालदे, प्रो.प्रीति चंदेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


# योग-शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है-यादव

- **लोकतंत्र उदघोष-खरगोन**

स्व. गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय एवं सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय बोरावां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय संस्था स्तरीय सयुंक्त विशेष शिविर दिनाकं 17 जनवरी से 23 जनवरी तक थीम मेरा युवा भारत व मेरा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा पर ग्राम पंचायत मुलठान मे निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस के योग सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने सूर्य नमस्कार, योग प्राणायाम आदि का अभ्यास किया एवं नियमित इस दिनचर्या को अपनाने का संकल्प लिया। पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं संस्था के चेयरमैन अरुण यादव ने कहा योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है. योग से शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है, और शरीर में जमा विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं. योग से तनाव और चिंता कम होती है और मन में शांति आती है. योग से शरीर और मन को शांत करने में मदद मिलती है।







शिविर के चतुर्थ दिवस बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय कसरावद डॉ. दयाराम राजपूत ने कहा योग शिक्षा व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है । योगाभ्यास से हृदय, फेफड़े तथा मस्तिष्क सम्बन्धित रोग दूर हो जाते हैं । नियमित योग करने वाले व्यक्ति को तनाव से मुक्ति मिलती है मन में स्थिरता, शांति और प्रसन्नता साथ ही रोग प्रतिरोधक का क्षमता का स्तर बडता है साथ ही डिजिटल इंडिया पर प्रकाश डालते हुए कहा , मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए सार्वभौमिक पहुंच, सभी के लिए सूचना, सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम, ई-गवर्नेंस: प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार में सुधार, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, ई-क्रांति - सेवाओं की इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी, नौकरियों के लिए आईटी, अर्ली हार्वेस्ट कार्यक्रम, आदि की भारत के विकास में महत्ति भूमिका है। आकाशवाणी कलाकार श्री तोताराम अमोदे ने निमाड़ी गीतों के माध्यम से निमाड़ की सांस्कृतिक धरोहर से बच्चों को अवगत कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो सावन धनगर प्रो. दिनेश मुजालदे, प्रो.प्रीति चंदेल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मेरा युवा भारत व मेरा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा कार्यक्रम का हुआ अगाझ







- **लोकतंत्र उदघोष -खरगोन**

स्व. गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय एवं सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय बोरावां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय संस्था स्तरीय सयुंक्त विशेष शिविर दिनाकं 17 जनवरी से 23 जनवरी तक थीम मेरा युवा भारत व मेरा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा पर ग्राम पंचायत मुलठान मे निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

शिविर के शिविर के उद्घाटन में ग्राम पंचायत मुलठान के भूतपूर्व सरपंच संतोष मोरी, वरिष्ठ नागरिक मुकेश यादव जी और दिलीप यादव जी उपस्थित हुए।

पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं संस्था के चेयरमैन अरुण यादव ने कहा शिविर का उद्देश्य छात्रों को समाज सेवा और राष्ट्रीय एकता की भावना को जागरत करना है। शिविर में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और योग शामिल हैं।

शिविर के दुसरे दिवस के बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली स्वयंसेविका सुश्री संवेदना पंढाणे ने छात्र- छात्राओ को राष्ट्रीय सेवा योजना के शुन्य से शिखर तक के सफर से अवगत कराया और अपने राष्ट्रीय कार्यकर्मो के अनुभव भी साझा किये। साथी ही विशेष अतिथि के रूप मे सुश्री पूजा सोलकी ने योग का जीवन में महत्व विषय पर भी प्रकाश डाला।

आयुष डावर, हर्ष राठौर, कपिल वर्मा ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना की जीवन शैली से अवगत काराया राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो सावन धनगर प्रो. दिनेश मुजालदे, प्रो.प्रीति चंदेल एवं बड़ी संख्या राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# एड्स दिवस पर ग्रामीण जनता को किया जागरूक

## इस अवसर पर जागरूकता हेतु किया रैली का आयोजन

अल्ताफ आज़ाद




खरगोन - (बोरावां)गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय एवं सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री कॉलेज बोरावां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने आज दिनाकं 2 दिसम्बर 2024 को एड्स दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग व राज्य एड्स नियंत्रण प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ग्राम उटावद , एवं उमरिया में एड्स रोग के प्रति ग्रामीण जनता को जागरूक करने के लिये बड़ी संख्या में छात्र छात्राओ ने रैली निकालकर नारों के माध्यम से ग्रामवाशियों को जागरूक किया । पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्व-गुलाब बाई यादव स्मृति ट्रस्ट के चेयरमेंन अरुण यादव ने कहा हर वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को एड्स महामारी के प्रति जागरूक करना है। विश्व एड्स दिवस मनाने की शुरुआत साल 1988 में विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी W H O ने की थी। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा इस साल विश्व एड्स दिवस की थीम 'समानता' है। इस दिन दुनियाभर में सरकारी और गैर सरकारी संगठन 'एड्स से बचाव' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं। लोगों को जागरूक किया जाता है। एड्स एक घातक बीमारी है सरकार एड्स जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। सावधानी ही एड्स से बचने का एकमात्र उपचार है। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. सावन धनगर, प्रो दिनेश मुजाल्दे, प्रो. सुरमल नार्वे, प्रो.मनोज कौशले, प्रो. मंजुलता गुप्ता, प्रो. निकिता यादव लखन आड़तीया और बड़ी संख्या में एन.एस.एस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एड्स दिवस पर ग्रामीण जनता को किया जागरूक






## • इस अवसर पर जागरूकता हेतु किया रैली का आयोजन



• **लोकतंत्र उदघोष(बोरावां) खरगोन** गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय एवं सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री कॉलेज बोरावां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने आज दिनाकं 2 दिसम्बर 2024 को एड्स दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग व राज्य एड्स नियंत्रण प्रकोष्ठ मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार ग्राम उटावद , एवं उमरिया में एड्स रोग के प्रति ग्रामीण जनता को जागरूक करने के लिये बड़ी संख्या में छात्र छात्राओ ने रैली निकालकर नारों के माध्यम से ग्रामवाशियों को जागरूक किया।

पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं स्व-गुलाब बाई यादव स्मृति ट्रस्ट के चेयरमेंन अरुण यादव ने कहा हर वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को एड्स महामारी के प्रति जागरूक करना है। विश्व एड्स दिवस मनाने की शुरुआत साल 1988 में विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी WHO ने की थी। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. सुरेंन्द्र कुमार तिवारी ने कहा इस साल विश्व एड्स दिवस की थीम 'समानता' है। इस दिन दुनियाभर में सरकारी और गैर सरकारी संगठन 'एड्स से बचाव' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हैं। लोगों को जागरूक किया जाता है। एड्स एक घातक बीमारी है सरकार एड्स जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। सावधानी ही एड्स से बचने का एकमात्र उपचार है। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. सावन धनगर, प्रो दिनेश मुजाल्दे, प्रो. सुरमल नार्वे, प्रो.मनोज कौशले, प्रो. मंजुलता गुप्ता, प्रो. निकिता यादव लखन आड़तीया और बड़ी संख्या में एन.एस.एस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान के तहत गाँव में श्रम दान कर ग्रामीण जनता को किया जागरूक





• लोकतंत्र उदघोष-खरगोन (बोरावा) स्व गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालयबोरावां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने शनिवार को युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम उटावद में स्वच्छता अभियान के प्रति ग्रामीण जनता को जागरूक करने के लिये में छात्र छात्राओ ने साफ सफाई एवं नारों के माध्यम से ग्रामवाशियों को जागरूक किया और गांव के बस स्टॉप एवं पुल पर साफ सफाई की। स्व-गुलाब बाई यादव ट्रस्ट के चेयरमेंन अरुण यादव ने कहा "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वछता" थीम के तहत महाविद्यालय के विधार्थियों ने ग्रामीण जनता को जागरूक व लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया यह बहुत सराहनीय कार्य है सारे विधार्थी बधाई के पात्र है।

महाविद्यालय निर्देशक डॉ. सुरेंन्द्र कुमार तिवारी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की संस्था में समस्त विधार्थियो को सपथ दिलाई और विधार्थियो से आग्रह किया की आप अपने साथ साथ आस-पास के लोगों को भी स्वच्छता और एड्स के प्रति जागरुक करे व राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रभारी प्रो. दिनेश मुजाल्दे , प्रो. सुरमल नार्वे प्रो. मनोज कौशले प्रो. निकिता यादव प्रो. मंजुलता गुप्ता प्रो. कुंदनलाल वर्मा प्रो. सावन धनगर बड़ी संख्या में एन.एस.एस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

